# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 29 फरवरी, 2024

अंक : 495


## वेकोलि में 'कोल इंडिया प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता 2024' आयोजित




वेकोलि में 26 से 28 फरवरी, 2024 तक 'कोल इंडिया प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता - 2024' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया लिमिटेड की सभी कोयला उत्पादक अनुषंगी कंपनियों से पुरुषों की 14 टीम, महिलाओं की 8 टीम और ठेकेदार कर्मचारियों की 7 टीम ने भाग लिया।

अंतिम दिवस पर वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह की अध्यक्षता श्री जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी, डब्ल्यूसीएल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री एस. डी. चिद्दर्वार, डीडीजी – नॉर्थन झोन, श्री रामअवतार मीणा, डीडीजी – वेस्टर्न झोन एवं श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने कोयला खनन में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि दुर्घटना की स्थिति में यह सुविधा अविलंब उपलब्ध होना चाहिए। इस उद्देश्य से उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा की प्रणाली को बल देने की बात कही। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षण, व्यापक जागरूकता तथा प्रतियोगिताओं के माध्यम से अधिकतर कर्मियों के समावेश का विचार सामने रखा। उन्होंने सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनाएँ दी।

समारोह में श्री एस. डी. चिद्दर्वार, डीडीजी – नॉर्थन झोन, श्री रामअवतार मीणा, डीडीजी – वेस्टर्न झोन एवं श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में वेकोलि के कार्य संस्कृति की प्रशंसा करते हुए सभी कर्मियों में प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जागरूकता बढ़ाने की बात कही। इस दिशा में उन्होंने प्रशिक्षण को विस्तार देने पर बल दिया।

इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी, कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य, वेकोलि संचालन समिति एवं सुरक्षा मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में ओवरआल की सभी श्रेणियों में वेकोलि की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता।

कार्यक्रम का संचालन श्री एस. पी. सिंह, पूर्व सलाहकार (जनसम्पर्क), वेकोलि तथा डॉ. कौशिक सरकार, इंस्पेक्टर ऑफ़ माइंस, डीजीएमएस, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री दिपक रेवतकर, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण), वेकोलि क्षेत्र ने किया।





## कोयला मंत्रालय के कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं पर केन्द्रित रोड-शो में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी सहभागी







कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा 21 फरवरी, 2024 को मुंबई में, कोयला / लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, रोड-शो आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोयला मंत्रालय के अवर सचिव श्री एम. नागराजू तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी सहभागी हुए। रोड - शो के दौरान श्री एम. नागराजू ने अपने उद्बोधन में कोयला गैसीकरण के महत्व को उजागर करते हुए कोयले के निर्यात को कम करने तथा कोयला क्षेत्र में भारत देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही।

वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में सीआईएल द्वारा गैसीकरण के क्षेत्र में किए गए विभिन्न प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कोयला गैसीकरण के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया तथा तकनीकी क्षमता रखने वाली कंपनियों को सीआईएल के साथ भागीदारी करने का आह्वान किया, ताकि भविष्य में नेट शून्य का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कार्यक्रम में सीआईएल के निदेशक (वित्त) श्री मुकेश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। दर्शक दीर्घा में कोयला क्षेत्र के विशेषज्ञ, निवेशक, हितधारक आदि बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।










## निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह अब वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) भी



भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह को वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। 15 फ़रवरी 2024 से श्री ए. के. सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री ए. के. सिंह द्वारा निदेशक तकनीकी (संचालन) का अतिरिक्त पदभार ग्रहण करने पर वेकोलि में हर्ष व्याप्त है।

## वेकोलि की एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान फिर होगी शुरू

## वेकोलि एवं एक्सएनर्जीस माइंस प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान में खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु एग्रीमेंट



नागपुर क्षेत्र की एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान में खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु दिनांक 22.02.2024 को वेकोलि एवं एक्सएनर्जीस माइंस प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। इस एग्रीमेंट के अंतर्गत वेकोलि की बंद पड़ी एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान में अब एक्सएनर्जीस माइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोयला खनन किया जाएगा।

वेकोलि मुख्यालय में, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित विशेष कार्यक्रम में, निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा एक्सएनर्जीस माइंस प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री शैलेन्द्र अग्रवाल के बीच एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत कार्य-प्रारंभ, पुनर्वास, विकास एवं संचालन का दायित्व एक्सएनर्जीस माइंस प्राइवेट लिमिटेड का होगा। यह एग्रीमेंट रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर, 25 वर्षों की अवधि के लिए किया गया है। इस अवधि में प्रस्तावित कुल कोयला उत्पादन 65.5 लाख टन है। एबी इनक्लाइन खदान से प्रति वर्ष 3 लाख टन कोयला उत्पादन अनुमानित है। एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान वेकोलि की दूसरी खदान है जहाँ रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर खनन कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने आशा व्यक्त की कि एबी इनक्लाइन भूमिगत खदान जल्द ही राष्ट्र की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी।

इस कार्यक्रम में सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, नागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री ए. पी. सिंह तथा एक्सएनर्जीस माइंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड श्री गुरचरण सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। अवसर विशेष पर वेकोलि एवं एक्सएनर्जीस के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।






## मानव संसाधन विकास विभाग: लक्ष्य हासिल, अब नए कीर्तिमान के लिए तत्पर



मानव संसाधन विकास विभाग, वेकोलि, उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस विभाग ने न केवल वर्ष 2023 -24 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, बल्कि अनेक नए प्रशिक्षण जैसे साक्षात्कार कौशल, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट, नैतिकता एवं मूल्य, लैंगिक बजटिंग आदि आयोजित कर विभाग को यश की एक नई ऊंचाई पर स्थापित कर दिया है।

मुख्यतः प्रशिक्षण कार्य संपादित करने वाले इस विभाग ने इस वर्ष अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो यह सिद्ध करती हैं कि केवल कार्य निष्पादन ही नहीं, वरन कार्य को उत्कृष्टता से संपादित करने का दृष्टिकोण हो तो सफलता आपके पास स्वयं चलकर आती है।

वर्ष 2023 -24 के दौरान 17804 कर्मियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य इस विभाग को दिया गया था, जिसके एवज में अब तक 22381 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चूका है।

माइनिंग सरदार एवं विद्युतीय पर्यवेक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए, वर्तमान कार्यरत कर्मियों को, विशेष प्रशिक्षण देकर, चयन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

अधिकारियों का कार्यक्षेत्र एवं संबंधित संकाय विषयक ज्ञान अद्यतन हो सके, इस हेतु प्रबंध विकास संस्थान द्वारा सभी केडर के अधिकारियों के लिए स्किल अपडेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 1025 युवाओं को विभिन्न व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चूका है और इनमें से अधिकतर युवा रोजगार भी प्राप्त कर चुके हैं।

वर्तमान में विभाग द्वारा नियुक्त लगभग 941 युवा अप्रेन्टिस के रूप में वेकोलि में प्रशिक्षणरत हैं।

इसके अतिरिक्त मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा नागपुर स्थित प्रतिष्ठित प्रबंध संस्थानों जैसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित कर लगभग 92 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

विभाग अपनी इन उत्कृष्ट गतिविधियों के माध्यम से नये कीर्तिमान स्थापित करने हेतु तत्पर है।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।